# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 15-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान के तहत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं एवं बच्चियों को किया गया जागरूक ।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज 5.0अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 15.10.2025 को रामदेव थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर के नेतृत्व में थाना त्रिलोकपुर पर नियुक्त मिशन शक्ति टीम द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बच्चियों व महिलाओं को जागरूक किया गया । शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन *1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गई ।**

प्रेस नोट दिनांक 15.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 15.10.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई मे कुल 07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 15-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ के कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय नीबी दोहनी में चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बच्चियों को जागरूक गया।**

डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 14/10/2025 को नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ के निर्देशन में थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम उ0नि0 राजकुमार यादव, मुख्य आरक्षी अविनाश सिंह, आरक्षी पवन कुमार मौर्य, म0का0 उर्मिला देवी द्वारा थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ के कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय नीबी दोहनी में चौपाल लगाकर महिलाओं तथा बच्चियों को जागरूक किया गया। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं तथा बच्चियों को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, एंटी रोमियो व महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई शासन द्वारा चलाए जा रहे शॉर्ट फिल्म जो एसिड अटैक 1090, 1098 तथा अन्य हेल्प लाइन नंबर्स पर आधारित है जिनको महिलाओं तथा बच्चियों को दिखाया गया तथा वाहनों को चेक कर उन्हें हिदायद दिया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 15-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना जेगिया उदयपुर पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण / फेज 5.0 (मिशन शक्ति)/एंटीरोंमियो चेकिंग अभियान के तहत महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम कठही में बहू सम्मेलन कर महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज 5.0अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व सुजीत राय क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 15.10.2025 को थाना प्रभारी प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक रोहिनी यादव व थानाध्यक्ष मीरा चौहान के नेतृत्व में उ0नि0 कपिल मुनि यादव, उ0नि0 आनंद शाही व का0 प्रदीप उपाध्याय, म०हो०कल्पना पाण्डेय द्वारा फेज 5.0 सुरक्षा के सम्बन्ध मे ग्राम कठही में बहू सम्मेलन कर महिलाओं/बच्चियों को सुरक्षा के सम्बन्ध मे जागरूकता अभियान के तहत महिलाओ व बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों । के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इसके साथ-साथ छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवं सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया तथा यातायात नियमों के पालन के लिये भी निर्देशित किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 29-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना शिवनगर डिड़ई में स्थापित महिला शक्ति केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा नियुक्त अधिकारी /कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण,एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता के तहत मिशन शक्ति 5.0 अभियान" के तहत थानो पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र का आज दिनांक 15-10-2025 को थाना शिवनगर डिड़ई में बने मिशन शक्ति केन्द्र व संबंधित रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया। प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिड़ई की उपस्थिति में मिशन शक्ति केन्द्र में नियुक्त सभी अधिकारी/कर्मचारीगण की मीटिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 15.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थानाध्यक्ष मिश्रौलिया के द्वारा थाना मिश्रौलिया के पुलिस चौकी चेतियां पर आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, भैयादूज, छठ पूजा के दृष्टिगत पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गयी।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में सुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में बृजेश सिंह थानाध्यक्ष मिश्रौलिया के द्वारा आज दिनांक 15.10.2025 को थाना मिश्रौलिया के पुलिस चौकी चेतियां पर आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, भैयादूज, छठ पूजा के दृष्टिगत पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गयी । गोष्ठी मे उच्चाधिकारीगण से प्राप्त आदेशो निर्देशो से अवगत कराया गया एवं त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण मे सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा चेतियां बाजार के स्वर्ण व्यवसायीयों की मीटिंग की गयी एवं सभी लोगों को नये आपराधिक कानूनों के धाराओं से अवगत कराया गया।**

प्रेस नोट दिनांक 15.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना खेसरहा पुलिस की प्रभावी पैरवी से मार पीट के आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹ 1500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 14-10-2025 को वाद सं0 1655/2008 मु0अ0सं0-26/2008 धारा-323,504,506 भादवि0 थाना खेसरहा में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायालय जे0एम0 बांसी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त दया राम पुत्र सुमेर निवासी कुनौना थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹ 1500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया । सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी राजेश्वर प्रसाद थाना खेसरहा का सराहनीय योगदान रहा ।

प्रेस नोट दिनांक 15.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना मोहाना पुलिस की प्रभावी पैरवी से आर्म्स एक्ट के आरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि व ₹ 500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 13-10-2025 को वाद सं0 700443/2003 मु0अ0सं0-12/2003 धारा- 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मोहाना में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश स्वाति आनन्द जे0एम0 सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त अकरम हुसैन उर्फ बाघे पुत्र अब्बुशमा निवासी ग्राम जमुनीहवा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर को जेल में बितायी गयी अवधि व ₹ 500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक अजय कुमार गौतम तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी श्रवण कुमार थाना मोहाना का सराहनीय योगदान रहा ।

**प्रेस नोट-थाना गोल्हौरा *जनपद *सिद्धार्थ नगर दिनांक 15/10/2025**

**मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में महिलाओं/बच्चियों को थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान**

**==================**

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ श्री अभिषेक महाजन * द्वारा "महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व *श्री प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व श्री शुबेन्दू सिंह*क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 15/10/2025 को * प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार गुप्ता थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में उ0नि0 रणविजय सिंह उ0नि0 रामनाथ यादव, हे0 का0 विनोद कुमार आ0रणजीत यादव,म0आ0 तृप्ति चौबे म0का0 बबीता सिंह द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर एण्टीरोमियो चेकिंग किया गया । तथा राधाकृष्णन इण्टर कॉलेज तलपुरवा थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर में छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया व नए कानून के बारे में बताया गया तथा संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में तथा हेल्पलाईन नं0 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन*108* एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गयी |**

**प्रेस नोट- दिनांक 15.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर ।**

**◆थाना गोल्हौरा पुलिस टीम द्वारा राधाकृष्णन इण्टर कॉलेज तलपुरवा में विद्यार्थियों को "साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान" के तहत साइबर अपराध व उससे बचाव के बारे मे जागरूक किया गया ।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर निर्देशन मे सुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण में थाना गोल्हौरा पुलिस टीम उ0नि0 रणविजय सिंह उ0नि0 रामनाथ यादव, हे0 का0 विनोद कुमार आ0 रणजीत यादव, म0आ0 तृप्ति चौबे, म0का0 बबीता सिंह द्वारा आज दिनांक 15.10.2025 को रचना पब्लिक स्कूल ग्राम तेनुआ में विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए साइबर अपराध व विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के तरीकों के बारे में बताया गया-

**साइबर अपराध–** साइबर अपराध वह आपराधिक गतिविधि है जो कंप्यूटर, मोबाइल या इंटरनेट के माध्यम से की जाती है। इसमें अपराधी किसी व्यक्ति, संस्था या सरकार को आर्थिक, मानसिक या सामाजिक हानि पहुँचाता है। उदाहरण के लिए-

**1.हैकिंग (Hacking):** किसी के कंप्यूटर या डाटा में बिना अनुमति प्रवेश करना।

**2. फिशिंग (Phishing):** नकली वेबसाइट या ईमेल के जरिए लोगों की निजी जानकारी चुराना।

**3. साइबर ठगी:** ऑनलाइन खरीद-बिक्री या बैंकिंग के बहाने पैसे ठगना।

**4. सोशल मीडिया अपराध:** फर्जी अकाउंट बनाकर बदनाम करना या धमकाना।

**5. डेटा चोरी (Data Theft):** किसी कंपनी या व्यक्ति के गोपनीय डाटा को चुराना।

**6. साइबर बुलिंग (Cyber Bullying):** इंटरनेट के माध्यम से किसी को परेशान या अपमानित करना।

**उक्त सभी प्रकार के अपराध होने पर बचाव हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर पर आप शिकायत दर्ज कर सकते है।**

**साइबर हेल्पलाइन नंबर -** 1930

**साइबर हेल्प लाइन–** www.cybercrime.gov.in

**प्रेस नोट दिनांक 15-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना कठेला समय माता पुलिस द्वारा साईबर जागरूकता अभियान के तहत पंचायत भवन ग्राम खैरा में चौपाल लगाकर बालक व बालिकाओ और गांव के अन्य लोगो को "साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान" के तहत साइबर अपराध व उससे बचाव के बारे मे जागरूक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन*पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साईबर अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे साईबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण व अभय सिंह थानाध्यक्ष थाना कठेला समय माता के नेतृत्व में साईबर प्रभारी उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार प्रजापति मय उ0नि0 शिवशंकर शर्मा , उ0नि0 नागेन्द्र प्रसाद यादव के उपस्थिती में आज दिनांक 15.10.2025 को पंचायत भवन ग्राम खैरा में चौपाल लगाकर साईबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को व गांव के अन्य लोगो को जागरूक किया गया तथा वर्तमान समय में होने वाले साइबर अपराध तथा उन अपराधों से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी वर्तमान में हो रहे पैसो की धोखाधडी/साईबर फ्राड व सोशल मीडिया (व्हाटसाप, फेसबुक,ट्वीटर जैसे सोशल प्लोटफार्म) पर अनावश्यक रूप से अवैध कमेंट/आपत्तिजनक विडियो और व्यक्तिगत जानकारियों की दुरूपयोग हो रहे जैसे अपराधो के रोकथाम के बारे में शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 और NCRP पोर्टल पर रिपोर्टिंग निर्देशो से अवगत कराया गया व साथ ही शासन द्वारा जारी महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन जैसे 1090 वुमेन पावर हेल्पलाइन/ यू0पी0 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन/ 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/ 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन/ 108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन /102 एम्बुलेंस सेवा (गर्भवती महिलाओं के लिए)/ 101 अग्निशमन हेल्पलाइन/ 1930 साइबर हेल्पलाइन/ 14567 एल्डर हेल्पलाइन से सम्बन्धित सेवाओं से अवगत कराया गया। साथ ही निम्न बिन्दुओं जैसे व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी कभी भी किसी अज्ञात फोन कॉल या ईमेल पर साझा न करें।**

- अज्ञात श्रोतों से आए लिंक पर क्लिक करने या अटैचमेंट खोलने से बचें।
- सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी बरतें।
- ऑनलाइन खरीददारी के लिए केवल सुरक्षित वेबसाइट्स का ही उपयोग करें।
- अपने पासवर्ड को मजबूत और गुप्त रखें और नियमित रूप से बदलें।

**प्रेस विज्ञप्ति दिनांक – 15.10.2025 परिक्षेत्रीय कार्यालय, बस्ती**

**◆ डीआईजी बस्ती द्वारा थाना शिवनगर डिड़ई अन्तर्गत ग्राम सेमरहना में मिशन शक्ति फेज-5.0/ साइबर जागरुकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में जनपदीय स्कूलों की छात्राओ/महिलाओं को किया गया जागरूक।**

**◆ मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत कर एक दिवस के लिए क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी के रूप में दायित्व प्रदान करने हेतु संबंधित को किया गया निर्देशित।**

आज दिनांक 15.10.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में थाना शिवनगर डिड़ई अन्तर्गत ग्राम सेमरहना में 'मिशन शक्ति फेज-5.0' व साइबर जागरुकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम मे शिरकत किया गया। कार्यक्रम मे आमंत्रित जनपद के विभिन्न स्कूलों (सरदार पटेल राष्ट्रीय इं0का0 ,स्वर्गीय प्यारी देवी इं0का0,दीनबंधु इं0का0, रामफुलारे इं0का0, रामसेवक रामकुमार इं0का0,श्रीमती चंद्रावती देवी इं0का0, स्व0 शिवपति देवी आदर्श इं0का0 ) के छात्र-छात्राओं/शिक्षकों व उनके अभिभावकों को डीआईजी बस्ती द्वारा संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमो, हेल्पलाइन नंबरो 1090,181,112,1076,102,108 आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। इस अवसर पर डीआईजी बस्ती द्वारा जनपद स्तर पर इंटरमीडियट परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अनुष्का पटेल को 01 दिवस के लिये क्षेत्राधिकारी बांसी एवं हाईस्कूल की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आस्था पटेल को दिनांक 16.10.2025 को प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिडई बनाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही, विभिन्न विद्यालयों की कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली कुल 18 मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

डीआईजी बस्ती द्वारा बताया गया कि प्रत्येक थाने पर मिशन शक्ति केन्द्र स्थापित किया गया है जहां पर जाकर कोई भी छात्रा/महिला अपनी समस्याओं को सुगमता से महिला कर्मी को बता सकेगी जिसपर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सभी को साइबर अपराध व बचाव के संबंध में जागरूक किया गया तथा किसी भी प्रकार के साइबर अपराध/फ्राड होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 अथवा साइबर पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने हेतु बताया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सिद्धार्थनगर,क्षेत्राधिकारी बांसी श्री सुजीत राय ,प्र0नि0 शिवनगर डिडई मनोज कुमार श्रीवास्तव , थाना स्थानीय के मिशन शक्ति की टीम सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल
रेंज कार्यालय, बस्ती।

**प्रेस नोट दिनांक 15-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆आगामी त्योहार धनतेरस, दीपावली और लक्ष्मीपूजा के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी इटवा के द्वारा एसडीएम इटवा के साथ कस्बा इटवा के व्यापार मंडल और पटाखा व्यवसायियों के साथ बैठक आयोजित की गई।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में सुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के द्वारा एसडीएम इटवा के साथ आज दिनांक 15-10-2025 को आगामी त्योहार धनतेरस, दीपावली और लक्ष्मीपूजा के दृष्टिगत कस्बा इटवा के व्यापार मंडल और सभी पटाखा व्यवसायियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पटाखों की बिक्री और उपयोग के संबंध में निर्धारित नियमों और निर्देशों का सख्ती से पालन करने की अपील की गई। त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं। अग्निशमन विभाग की टीमों को अलर्ट पर रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। सभी से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई, ताकि त्योहारों का आनंद सभी लोग सुरक्षित रूप से उठा सकें। क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा सभी से अपील की है कि वे त्योहारों के दौरान निर्धारित नियमों और निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से किसी भी समस्या के समाधान के लिए पूरी तैयारी की गई है। बैठक में व्यापार मंडल और पटाखा व्यवसायियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे नियमों और निर्देशों का पालन करेंगे और त्योहारों के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने में सहयोग करेंगे।

प्रेस नोट दिनांक 15-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढ़ेबरुआ क्षेत्रान्तर्गत छठ पूजन स्थल का निरीक्षण किया गया व सीमा सुरक्षा बल के कैंप कार्यालय में सीमा की सुरक्षा तथा सतर्कता के विषय में वार्ता किया गया।

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ द्वारा** आज दिनांक 15.10.2025 को थाना ढ़ेबरुआ क्षेत्रान्तर्गत छठ पूजन स्थल का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशानिर्देश। तत्पश्चात सीमा सुरक्षा बल के कैंप कार्यालय में सीमा की सुरक्षा और सतर्कता के विषय में चर्चा की गयी क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा किए गए निरीक्षण और बैठक का उद्वेश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना है। इस दौरान नरायन लाल श्रीवास्तव थानाध्यक्ष ढ़ेबरुआ सहिंत अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

प्रेस नोट दिनांक 15.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना शोहरतगढ़ पर आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, भैयादूज, छठ पूजा के दृष्टिगत पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के द्वारा आज दिनांक 15.10.2025 को थाना शोहरतगढ़ पर आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, भैयादूज, छठ पूजा के दृष्टिगत पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गयी । गोष्ठी मे उच्चाधिकारीगण से प्राप्त आदेशो निर्देशो से अवगत कराया गया एवं त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण मे सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ़ के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

प्रेस नोट दिनांक 15.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल सिद्धार्थनगर व थाना डुमरियागंज पुलिस की प्रभावी पैरवी से आयुध अधिनियम से संबन्धित एक अभियुक्त को जेल में बिताई गयी अवधि व ₹1,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे अभियान “आपरेशन कन्विक्शन” के क्रम में डॉ.अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के तहत आज दिनांक 15.10.2025 को वाद संख्या-2699/1991, मु0अ0सं0-163/1990 धारा 4/25 आयुध अधिनियम थाना डुमरियागंज में जिला मानिटरिंग सेल व थाना डुमरियागंज पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश सी0जे0एम0 जनपद सिद्धार्थनगर श्री अनुभव कटियार द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त सलीम उर्फ इनाम पुत्र कमरुद्दीन निवासी कस्बा डुमरियागंज थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर को आयुध अधि0 की धारा 4/25 के अन्तर्गत जेल में बितायी गयी अवधि व ₹1,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, श्री जयहिन्द त्रिपाठी एसपीओ, आरक्षी राजू यादव न्यायालय पैरोकार थाना डुमरियागंज का सराहनीय योगदान रहा।

प्रेस नोट दिनांक 15.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल सिद्धार्थनगर व थाना डुमरियागंज पुलिस की प्रभावी पैरवी से आयुध अधिनियम से संबन्धित एक अभियुक्त को जेल में बिताई गयी अवधि व ₹1,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे अभियान “आपरेशन कन्विक्शन” के क्रम में डॉ.अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के तहत आज दिनांक 14.10.2025 को वाद संख्या-157/1993, मु0अ0सं0-181/1992 धारा 25/4 आयुध अधिनियम थाना डुमरियागंज में जिला मानिटरिंग सेल व थाना डुमरियागंज पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश सी0जे0एम0 जनपद सिद्धार्थनगर श्री अनुभव कटियार द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त क्यूम पुत्र नूरुलहक निवासी नवडिहवा (विथरिया) थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर को आयुध अधि0 की धारा 25/4 के अन्तर्गत जेल में बितायी गयी अवधि व ₹1,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, श्री जयहिन्द त्रिपाठी एसपीओ, आरक्षी राजू यादव न्यायालय पैरोकार थाना डुमरियागंज का सराहनीय योगदान रहा।

प्रेस नोट दिनांक 15.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल सिद्धार्थनगर व थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से आयुध अधिनियम से संबन्धित एक अभियुक्त को जेल में बिताई गयी अवधि व ₹ 500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे अभियान "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ.अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के तहत आज दिनांक 13.10.2025 को वाद संख्या-701713/1993, मु0अ0सं0-11/1993 धारा 25 आयुध अधिनियम थाना सिद्धार्थनगर में जिला मानिटरिंग सेल व थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश सी0जे0एम0 जनपद सिद्धार्थनगर श्री अनुभव कटियार द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त नन्दलाल चौधरी पुत्र रामप्रसाद चौधरी निवासी पिपरा थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर को आयुध अधि0 की धारा 25 के अन्तर्गत जेल में बितायी गयी अवधि व ₹ 500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, श्री जयहिन्द त्रिपाठी एसपीओ, आरक्षी दुर्गेश गुप्ता न्यायालय पैरोकार थाना सिद्धार्थनगर का सराहनीय योगदान रहा।

**प्रेस नोट दिनांक 15-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆आगामी त्योहार धनतेरस, दीपावली और लक्ष्मीपूजा के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर के द्वारा कस्बा सिद्धार्थनगर के पटाखा व्यवसायियों के साथ बैठक आयोजित की गई।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में दुर्गा प्रसाद प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर के द्वारा आज दिनांक 15-10-2025 को आगामी त्योहार धनतेरस, दीपावली और लक्ष्मीपूजा के दृष्टिगत कस्बा सिद्धार्थनगर के पटाखा व्यवसायियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पटाखों की बिक्री और उपयोग के संबंध में निर्धारित नियमों और निर्देशों का सख्ती से पालन करने की अपील की गई। त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं। अग्निशमन विभाग की टीमों को अलर्ट पर रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। सभी से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई, ताकि त्योहारों का आनंद सभी लोग सुरक्षित रूप से उठा सकें। प्रभारी निरीक्षक द्वारा सभी से अपील की गई है कि वे त्योहारों के दौरान निर्धारित नियमों और निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से किसी भी समस्या के समाधान के लिए पूरी तैयारी की गई है। बैठक में पटाखा व्यवसायियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे नियमों और निर्देशों का पालन करेंगे और त्योहारों के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने में सहयोग करेंगे।

प्रेस नोट दिनांक 15.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर द्वारा थाना सिद्धार्थनगर पर आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, भैयादूज, छठ पूजा के दृष्टिगत पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में दुर्गा प्रसाद प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर के द्वारा आज दिनांक 15.10.2025 को थाना सिद्धार्थनगर पर आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, भैयादूज, छठ पूजा के दृष्टिगत पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी मे उच्चाधिकारीगण से प्राप्त आदेशो निर्देशो से अवगत कराया गया एवं त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण मे सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

प्रेस नोट दिनांक 15.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर द्वारा थाना जोगिया उदयपुर पर आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, भैयादूज, छठ पूजा के दृष्टिगत पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में मीरा चौहान थानाध्यक्ष थाना जोगिया उदयपुर के द्वारा आज दिनांक 15.10.2025 को थाना जोगिया उदयपुर पर आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, भैयादूज, छठ पूजा के दृष्टिगत पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गयी । गोष्ठी मे उच्चाधिकारीगण से प्राप्त आदेशो निर्देशो से अवगत कराया गया एवं त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण मे सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

#SP_SDR के निर्देशन में त्यौहार दीपावली, धनतेरस, लक्ष्मी पूजा एवं छठ पूजा के दृष्टिगत #क्षेत्राधिकारी_बांसी द्वारा थाना शिवनगर डिड़ई पर थाना क्षेत्र के प्रधान,बीडीसी,संभ्रांत व्यक्तियों व लक्ष्मी पूजा आयोजकों के साथ की गयी पीस कमेटी गोष्ठी।

#UPPolice

#siddharthnagpol

@digbasti